# प्रेस नोट थाना कोतवाली

## शाहजहाँपुर पुलिस

### सराहनीय कार्य दिनांक – 26.07.2026

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे रोकथाम अपराध व गिरफ्तारी अपराधी के सघन अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने जनसहयोग से पार्क मे खेल रही नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 26.07.2026 को थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत वादी द्वारा थाना कोतवाली पर उपस्थित होकर तहरीर दी गई कि उसकी नाबालिग भांजी उम्र करीब 11 वर्ष प्रातः समय करीब 08:30 बजे गांधी पार्क में खेलने गई थी, जहाँ पहले से मौजूद मोहम्मद सिद्दीकी निवासी मोहल्ला मोहम्मद ज़ई, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा बालिका को जबरन पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत की गई। घटना को मौके पर मौजूद लोगों द्वारा देख लिया गया, जिन्होंने अभियुक्त को पकड़ लिया तथा वादी को सूचना दी। सूचना पर वादी एवं उसके सहयोगियों द्वारा अभियुक्त को थाना कोतवाली लाया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु०अ०सं० 256/2026 धारा 75(2) बीएनएस एवं धारा 9M/10 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को तत्काल पुलिस हिरासत में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0 256/26 धारा 75(2) बीएनएस व 9m/10 पॉक्सो एक्ट थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

मोहम्मद सिद्दीकी पुत्र भज्जू  निवासी मोहल्ला मोहम्मद जई थाना कोतवाली जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 63 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-**

थाना कोतवाली जनपद दिनांक 26.07.2026  को समय करीब 13.29 बजे

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1. उ0नि0 श्री कुमार गौरव थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
2. का0 2781 रोहित कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।